भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2227**

उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2024
14 श्रावण, 1946 (शक)

# छोटे शहरों और अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों में खेलों का विकास

**2227. श्री गजेन्द्र सिंह पटेल:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास देश के छोटे शहरों और अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों में खेलों के विकास के लिए कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो क्या मध्य प्रदेश राज्य के खरगोन लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर ऐसे किसी केंद्र को मंजूरी दी जा रही है;

(ग) यदि हां, तो क्या मध्य प्रदेश के खरगोन में स्थित केंद्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए उचित बुनियादी ढांचा उपलब्ध है;

(घ) क्या मध्य प्रदेश के खरगोन में ऐसे केंद्र में कोई स्टेडियम और कोच नियुक्त किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, देश के छोटे शहरों और अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) देश के छोटे शहरों और अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों सहित देश में खेलों के संवर्धन के लिए निम्नलिखित स्कीम लागू करता है:

खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोच को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ख) से (ङ) : जी हां। खेलो इंडिया स्कीम के तहत, मध्य प्रदेश राज्य के खरगोन लोकसभा क्षेत्र में हॉकी विधा में खेल युवा कल्याण विभाग स्टेडियम ग्राउंड, बिस्तान रोड, खरगोन को खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी) के रूप में अधिसूचित किया गया है। इस स्कीम के तहत, केआईसी में एथलीटों को प्रशिक्षित करने और सलाह देने के लिए पूर्व चैंपियन एथलीटों (पीसीए) को कोच के रूप में भर्ती किया जाता है। वर्तमान में, मध्य प्रदेश के खरगोन में केआईसी में 01 पीसीए किराए पर लिया गया है।

****